बरेली, सोमवार
1 अप्रैल, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO. 04 : BOTTOM

सिविल इलेवन ने डिफेंस की टीम को 81 रनों से किया पराजित

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (31 March): शहर के बरेली क्लब मैदान में खेले गए मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में सिविल इलेवन की टीम डिफेंस पर भारी पड़ी. 20 ओवर के मुकाबले में सिविल टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट खोकर 243 रन बनाकर बड़ी चुनौती पेश की. जवाब में डिफेंस की टीम 162 रनों पर सिमट गई. मुकाबले में 93 रन बनाने वाले सिविल टीम के जसप्रीत निशु ने मैन ऑफ द मैच पुरस्कार अपने नाम की.

बैटिंग का निर्णय

तेज गर्मी के बीच बरेली क्लब फ्रैंडली मैच में टास जीतकर सिविल इलेवन ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया. टीम के जसप्रीत सिंह निशु ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए महज 37 गेंद पर 93 रन बनाये. पारी में उन्होंने नौ छक्के जड़े. टीम के ही दूसरे बल्लेबाज शिवांक खंडेलवाल ने 30 गेंदों में दो छक्के और 9 चौकों की मदद से 59 रन, पंचम अरोड़ा 30 व आदित्य मूर्ति ने 25 रन बनाए. पहाड़ सरीखे स्कोर को हासिल करने उतरी डिफेंस इलेवन की टीम 162 रनों पर ही सिमट गई. डिफेंस की ओर से सौरव समीर 33 व बलविंदर सैनी 33 रन बनाकर सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे. मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत सिंह निशु को मैन ऑफ द मैच, आदित्य मूर्ति को बेस्ट आल राउंडर, अभिनव शर्मा को बेस्ट गेंदबाज व नरेंद्र को सर्वश्रेष्ठ फील्डर के खिताब से नवाजा गया. महापौर डॉ. उमेश गौतम व ब्रिगेडियर मनीष कुकरेती ने विजेता टीम व मैच में अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया.